http://www.howtoexam.com

Con. 189 (a)–08. [REVISED COURSE] HJ–7485

(3 Hours) [Total Marks : 100

1. निम्नलिखित अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :– 27

(क) मेरी भवबाधा हरौ राधा नागरि सोइ ।
जा तन की झाँई परै स्याम हरित-दुति होइ ।''

अथवा

''जो भी जहाँ भी पिसता है
पर हारता नहीं, न मरता है -
पीड़ित श्रमरत मानव
अविजित दुर्जेय मानव
कमकर, श्रमकर, शिल्पी, स्त्रष्टा -
उसकी मैं कथा हूँ ।''

(ख) ''हमने जिंदगी भर इबादत का ढिंढोरा पीटा, लेकिन खुदा के पास तक नहीं पहुँच सके । अगर पहुँच पाते तो चलते वक्त इतने गुनाहों का बोझ हमारे सिर पर न होता ।''

अथवा

''देख नहीं रही हो तुम, उसे न बीते का शोक है और न आनेवाली की चिंता । वह वर्तमान में रहती है।

(ग) ''फिर भी यह जो अपना अभिजन छोड़
दूर जा रहे हम पहली ही बार
सत्य, सत्य कहता हूँ, इससे तात !
मुझको तो होती है बहुत कचोट ।''

अथवा

''कल तक थी वह, आज नहीं है, हाय!
छोड़ गई है हमें 'यहाँ निरूपाय'----
देख सकेगा उसे यहाँ अबकौन
सब विषाद में डूबे हैं, सब मौन ।''

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- 36

(च) मीराबाई ने नैनों में बसे नंदलाल का वर्णन किसप्रकार किया है ?

अथवा

''पाँचवी चिठ्ठी'' का लेखक क्या व्यक्त करना चाहता है ? स्पष्ट कीजिए ।

(छ) ''जोंक' प्रहसन में निम्नमध्यवर्गीय परिवार की स्थिति का वर्णन किस प्रकार हुआ है ? स्पष्ट कीजिए।

अथवा

''स्ट्राईक'' एकांकी की समस्या पर प्रकाश डाळिए ।

[TURN OVER

College semester examination question papers for all subjects and branches

http://www.howtoexam.com

(ज) 'भूमिजा' खंडकाव्य का संदेश लिखिए ।

अथवा

नागार्जुन ने भूमिजा में अपने विचारों को किस प्रकार प्रकट किया है ? लिखिए ।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लिखिए :- 12

(ट) कबीर के इश्वर की सर्वव्यापकता संबंधी विचार स्पष्ट कीजिए ।

(ठ) 'बंदी' एकांकी की समस्या पर प्रकाश डालिए ।

(ड) राम ने अहल्या को कौन-सा वचन दिया ? सविस्तर लिखिए ।

4. निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए :- 15

(अ) 'भारतमाता' कविता का भाव **अथवा** 'जाग री' कविता में प्रकृति सौंदर्य ।

(ब) 'बनवारीलाल' का परिचय **अथवा** 'वीरेन' की ग्राम-योजना ।

(क) गौतमऋषि का आश्रम ।

अथवा

'सीता' कौन-सा इतिहास रचगईं ?

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो-तीन** वाक्यो में दीजिए :- 10

(अ) दिनकरजी 'आग की भीख' किससे माँग रहे हैं । लिखिए ।

(ब) राजेश जोशी के अनुसार इस समय सबसे बड़ा अपराध क्या है ?

(क) चेतराम की बस्ती का क्या हुआ था ?

(ड) त्रिजटा सीता से मिलने क्यों आई थी ?

(इ) लक्ष्मण को किस कारण कचोट हो रही थी ?

HowToExam.com

College semester examination question papers for all subjects and branches